राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की जयंती पर उन्हें स्मरण करते श्रद्धासुमन अर्पित किये

जयपुर, 24 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसम्बर) पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये है।

राज्यपाल ने स्व. वाजपेयी और उनके सुशासन को याद करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जन हित से जुड़ी सोच की परिणामुलक परंपराएं स्थापित की। वह राजनीति में शुचिता के साथ सबको साथ लेकर समन्वय से देश को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते थे। संविधान से जुड़ी संस्कृति और भारतीय सनातन परंपराओं से जुड़ा उनका व्यक्तित्व विरल व्यक्तित्व था। विकसित भारत की सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने सुशासन को सदा प्राथमिकता दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर उनके उदात्त जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

————

## राज्यपाल की क्रिसमस पर शुभकामनाएं

जयपुर, 24 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस (25 दिसंबर) की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री मिश्र ने क्रिसमस पर बधाई देते हुए ईसा मसीह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

———